Title: Need for construction of over-bridges on Railway crossings in Jodhpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : सभापति जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र जोधपुर की जनता पिछले कई वर्षों से रेलवे क्रॉसिंग पर पुल निर्माण की मांग कर रही है, खास तौर से औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय फैश्साबनी का पुल, मण्डोर कृषि मंडी का पुल, भरवासिया फाटक का पुल, पावटा रसाला रोड का पुल एवं कल्याण सिंह की प्याऊ के पास जयपुर रोड का पुल, उपरोक्त पांचों पुल जनहित में शीघ्र ही बनाना अति आवश्यक है क्योंकि उपरोक्त रेलवे क्रासिंग पर गाड़ियों का आना-जाना रहता है तथा ज्यादा ट्रैफिक होने से कई घंटों तक रास्ता जाम हो जाता है जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यातायात अवरुद्ध होने से कई बार गंभीर रूप से घायल एवं बीमार व्यक्ति रास्ते में मर जाते हैं।

मैं रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि उपरोक्त पुल जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही बनवाया जाये।

(इति)